राष्ट्रीय सेवा भारती

जागरण सहयोग प्रशिक्षण अध्ययन











सेवा भारती जयपुर वार्षिकोत्सव

सेवा भारती, जयपुर के वार्षिकोत्सव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले जी ने कहा कि सेवा का उद्देश्य जरूरतमंदों को सुविधाएं देना भर नहीं, बल्कि उनमें स्वाभिमान, आत्मसामर्थ्य और पुरुषार्थ जगाना भी है। सेवा ऐसी होनी चाहिए कि सेवा लेने वाले हाथ, सेवा देने वाले बनें। उन्होंने समाज के समर्थ लोगों से सेवा बस्तियों में जाकर लोगों के साथ आत्मीय संबंध बनाने का आह्वान किया। उन्होंने जयपुर की 257 सेवा बस्तियों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, सुरक्षा एवं स्वाभिमान के लिए कार्य करने और समाज के समर्थ वर्गों से इन कार्यों में सक्रिय सहभागिता का आवाहन किया।

संघ के स्वयंसेवकों ने मलिन बस्ती के स्थान पर सेवा बस्ती शब्द का प्रयोग इसी सोच के साथ शुरू किया कि इन क्षेत्रों को अभावों से जोड़कर देखने के बजाय सेवा और सामाजिक दायित्व के केंद्र के रूप में देखा जाए। सेवा भारती से जुड़ी संस्थाएं देशभर में करीब डेढ़ लाख छोटे-बड़े सेवा कार्य संचालित कर रही हैं।



24593	शिक्षा
9098	स्वास्थ्य
10481	सामाजिक
9720	स्वावलंबन

सेवा कार्यवृत्त

“ नर सेवा नारायण सेवा का मूल ध्येय लेकर समाज में वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित लोगों के सर्वांगीण विकास हेतु राष्ट्रीय सेवा भारती सतत कार्यरत है। यह नगरीय - झुग्गी झोपड़ी एवं पुनर्वास बस्तियों में समाज कल्याण कार्यक्रम जैसे नि:शुल्क चिकित्सा, नि:शुल्क शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भी कार्यरत है। देशभर में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा 53892 सेवा कार्य चलाए जा रहे हैं।”



मातृछाया कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग

राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा 24-25 अक्टूबर 2026 को दो दिवसीय "मातृछाया कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग" का आयोजन सालासर बालाजी धाम, रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित किया गया। देशभर से आए मातृछाया शिशु गृह के सेवाव्रती कार्यकर्ताओं ने इस वर्ग में सहभागिता की। इस प्रशिक्षण वर्ग में विशेषज्ञों द्वारा जेजे एक्ट, मिशन वात्सल्य, कारा के केयरिंग पोर्टल व पॉस्को एक्ट की जानकारी दी गई |

इस अवसर पर आदरणीय सैंथिल कुमार जी (अ.भा. सह सेवा प्रमुख, रा. स्व. संघ), श्री सुधीर जी (अ.भा. संगठन मंत्री, राष्ट्रीय सेवा भारती), श्री विजय पुराणिक जी (संयुक्त महामंत्री, राष्ट्रीय सेवा भारती), श्री ओम प्रकाश सिसोदिया जी (क्षेत्र सेवा प्रमुख, सेवा भारती), श्री रामेन्द्र जी (सचिव, राष्ट्रीय सेवा भारती) तथा आदरणीय टी. एल. वर्मा प्रांत संघचालक, छत्तीसगढ़ की गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।







काशी में अखिल भारतीय स्वावलंबन एवं वैभवश्री प्रशिक्षण वर्ग

3-4 अक्टूबर 2026 को काशी में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा आयोजित 'अखिल भारतीय स्वावलंबन एवं वैभवश्री प्रशिक्षण शिविर' सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में आदरणीय पराग अभ्यंकर जी (अ.भा. सेवा प्रमुख, रा. स्व. संघ), सैंथिल कुमार जी (अ.भा. सह सेवा प्रमुख, रा. स्व. संघ), श्री सुधीर जी (अ.भा. संगठन मंत्री, राष्ट्रीय सेवा भारती), श्री विजय पुराणिक जी (संयुक्त महामंत्री, राष्ट्रीय सेवा भारती), चंद्रिका चौहान जी (ट्रस्टी, राष्ट्रीय सेवा भारती) और पद्म कुमार जी (ट्रस्टी, राष्ट्रीय सेवा भारती) उपस्थित थे।

दो दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान 'स्वावलंबन' और 'वैभवश्री' विषयों पर चर्चा की गई। इसमें गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के निर्माण, उनकी पैकेजिंग, मार्केटिंग और नेटवर्किंग के तरीकों पर सत्र आयोजित किए गए। साथ ही 'वैभवश्री' (स्वयं सहायता समूहों) के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और बस्तियों के युवाओं को स्वावलंबी बनाने की योजनाओं पर भी सत्र आयोजित किए गए। इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 235 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें देश भर के 38 प्रांतों से आए 182 प्रतिभागी (89 महिलाएं और 93 पुरुष) शामिल थे; इनके अलावा केंद्रीय टोली के सदस्य, पदाधिकारी और समन्वय प्रबंधन कार्यकताओं ने भी इसमें भाग लिया।







प्रांतीय आचार्य सेवा प्रशिक्षण वर्ग का समारोप
सेवा कार्यों से सामाजिक समरसता - गुरुशरण प्रसाद

28 अक्टूबर 2026, सेवा भारती, झारखंड का छह दिवसीय प्रांतीय आचार्य सेवा प्रशिक्षण वर्ग जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में हर्षोल्लास के साथ समारोप हुआ। समापन समारोह के मुख्य वक्ता श्री गुरुशरण प्रसाद जी (विशेष आमंत्रित, राष्ट्रीय सेवा भारती) ने कहा कि सेवा कार्यों से सामाजिक समरसता निर्माण हो रहा है। परोपकार मनुष्य का परम कर्तव्य है। सेवा का कार्य धन से नहीं अपितु कोमल मन से होता है। देश समाज को ताकतवर बनाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की महती भूमिका है। इसके पूर्व समारोप के मुख्य अतिथि श्री मुरलीधर केडिया ने कहा की सेवा भारती जैसी संस्थाओं के माध्यम से समाज के वंचित और पिछड़े लोगों के बीच सेवा, शिक्षा, संस्कार के कार्यों द्वारा नव जागृति आई है। सेवा प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह में विभिन्न जिलों से आए हुए प्रशिक्षणार्थियों ने सामूहिक ब्रह्मानंद, मंत्रोच्चार, वंदना एवं सामूहिक योगासन प्रस्तुत किया। साथ ही प्रशिक्षुओं ने वर्ग के अनुभव और सेवा कार्य से परिवर्तन की बातें भी साझा की।

सेवा भारती, जमशेदपुर विभाग के सचिव श्री प्रसेनजीत तिवारी ने मंचीय परिचय - स्वागत किया। सेवा भारती का कार्य परिचय रखते हुए उन्होंने बताया कि समाज के सामूहिक सहयोग से प्रांत के 21 जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वालंबन, सामाजिक, संस्कार आयामों के 1977 सेवा कार्य चल रहे हैं। सेवा कार्यों की गुणवत्ता एवं विस्तार के लिए समय-समय पर ऐसे सेवा प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर वर्ग की कार्यवाहका श्रीमती किरण सिंह ने सेवा भारती के प्रशिक्षण वर्ग का वृत्त रखते हुए बताया कि झारखंड के विभिन्न जिलों से शिक्षा से जुड़ी 70 महिला कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। छः दिवसीय सेवा प्रशिक्षण वर्ग में योगासन अभ्यास, वंदना, मंत्रोच्चार अभ्यास सहित सेवा,संस्कार, शिक्षा, राष्ट्रीयता, भारतीय संस्कृति,सामाजिक कार्यों से जुड़े विषय पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

समारोह में मुख्य रूप से प्रांत सेवा प्रमुख श्री मुकेश रंजन सिंह, श्री राम चंद्र, श्री भास्कर जोशी, श्रीमती रागिनी भूषण, श्री रविंद्र कुमार, श्री संजय मिश्रा, श्री राकेश कुमार, श्री विनोद अग्रवाल सभी नगर संघचालक सहित गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।









अन्य प्रान्तों में सेवा कार्य



प्रान्त - हिमाचल प्रदेश

सेवा भारती, जिला कांगड़ा द्वारा सुरानी (ज्वालाजी) में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 44 रक्तदाताओं ने सहभागिता की। शिविर में डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज, टांडा की चिकित्सकीय टीम ने सेवाएँ दीं। सहयोगियों एवं रक्तदाताओं का सम्मान कर आभार व्यक्त किया गया।



प्रान्त : ब्रज

सेवा भारती, पश्चिम महानगर आगरा द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके समरसता, समानता और मानवता के विचारों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत माताओं एवं बहनों को पौष्टिक आहार तथा बच्चों को कुपोषण से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही, पश्चिम महानगर आगरा एवं सीकरी जिले के 50 सेवा केंद्रों के शिक्षकों ने सहभागिता की। मानदेय एवं सेवा सम्मान कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों के योगदान का सम्मान भी किया गया।



सुनंदा ताई पटवर्धन

एक माँ की संवेदना से बदली हजारों जिंदगियाँ

झुग्गियों में अशिक्षा से जूझते बच्चों को देखकर एक माँ का मन व्यथित हुआ। यही पीड़ा आगे चलकर 50 वर्षों की सेवा यात्रा बन गई। स्वर्गीय सुनंदा ताई पटवर्धन ने अपना जीवन बच्चों की शिक्षा, महिलाओं के स्वावलंबन और वनवासी समाज के विकास के लिए समर्पित कर दिया।

उन्होंने ठाणे की बस्तियों में बच्चों की शिक्षा और उनकी माताओं के आत्मनिर्भर बनने के लिए कार्य किया तथा 'प्रगति प्रतिष्ठान' की स्थापना की। आगे चलकर जवाहर के आदिवासी क्षेत्रों में बचत समूह, हस्तशिल्प आधारित कुटीर उद्योग और आंगनवाड़ी केंद्र शुरू करवाए। उनके प्रयासों से 300 से अधिक बच्चों को पोषण अभियान का लाभ मिला और 3,000 से अधिक किसान एक से अधिक फसलें उगाने लगे।

24 प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित सुनंदा ताई ने संस्था के 50 वर्ष पूरे होने पर इसकी जिम्मेदारी नई पीढ़ी को सौंप दी। आज वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा शुरू की गई सेवा यात्रा 'प्रगति प्रतिष्ठान' के माध्यम से निरंतर जारी है।

सुनंदा ताई की जीवन गाथा सिखाती है कि बदलाव के लिए बड़े संसाधनों से पहले संवेदनशील मन और सेवा का दृढ़ संकल्प आवश्यक है। एक माँ की पीड़ा ने हजारों बच्चों के भविष्य को नई दिशा दी।



अन्य प्रान्तों में सेवा कार्य



प्रान्त: महाकोशल

सेवा भारती, जिला भोजपुर द्वारा महर्षि विद्या मंदिर, रतनपुर में मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 60 विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वृक्षारोपण के साथ हुआ।

इस अवसर पर किशोरी आयाम की गतिविधियों की प्रस्तुति दी गई तथा सेवा भारती के वार्षिक कार्यों का विवरण साझा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, किशोरी विकास और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया।



प्रान्त: मध्य भारत

सेवा भारती द्वारा बैतूल बाजार के जवाहर वार्ड स्थित साईं मंदिर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 120 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जाँच के साथ चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाएँ भी वितरित की गईं।



प्रान्त: जोधपुर

सेवा भारती, बीकानेर महानगर के जूनागढ़ नगर स्थित बड़ी जसोलाई वाल्मीकि बस्ती के सिलाई केंद्र का सांवरलाल मोदी जी एवं मंजीत जी ने प्रवास कर निरीक्षण किया। केंद्र की शिक्षिका सरस्वती बहन से कार्य की प्रगति जानी और प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बहनों से संवाद किया।

इस अवसर पर स्वावलंबन, नशामुक्ति, पारिवारिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता पर मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही क्षेत्र में नए सिलाई केंद्र शुरू करने की संभावनाओं पर चर्चा की गई।



प्रान्त: झारखण्ड

सेवा भारती, लोहरदगा द्वारा चुन्नीलाल स्कूल परिसर में 225वाँ निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। साढ़े चार वर्षों से प्रत्येक रविवार जारी इस सेवा क्रम में इस बार 59 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

अन्य प्रान्तों में सेवा कार्य



प्रान्त: जोधपुर

सेवा भारती समिति, बाड़मेर द्वारा नेहरू नगर की लोहार बस्ती में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। डॉ. अरविंद नरूका ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयाँ वितरित कीं। शिविर में सेवा भारती के अध्यक्ष श्री रजनीकांत व्यास एवं सचिव श्री मनोहर शर्मा ने सेवाएँ प्रदान कीं।



प्रान्त: जोधपुर

बाबा रामदेव सेवा समिति, जोधपुर द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान एवं सामाजिक समरसता के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। संत रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व के अवसर पर उनके जीवन-दर्शन, शिक्षा और समानता के विचारों पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, नशे एवं मोबाइल की लत से दूर रहने और सेवा भाव के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। साथ ही उपस्थित जनों को नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई गई।



प्रान्त: जम्मू कश्मीर

सेवा भारती, कश्मीर प्रांत के सहयोग से राष्ट्रीय मेडिकोज़ ऑर्गनाइजेशन (एनएमओ) एवं एकल फाउंडेशन द्वारा कश्मीर घाटी के विभिन्न जिलों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए। इनमें चिकित्सकों ने अपनी सेवाएँ देते हुए लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं चिकित्सा सहायता प्रदान की।

इस संयुक्त पहल में चिकित्सकों, स्वयंसेवकों और स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रही। विभिन्न संगठनों के सहयोग से आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना रहा।



प्रान्त: मध्य भारत

जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, ग्वालियर में दिव्यांगजनों एवं उनके अभिभावकों के लिए मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों ने अपनी समस्याएँ और आवश्यकताएँ साझा कीं। अधिकारियों ने उनके समाधान के लिए योजनाबद्ध प्रयास करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर सरकार और समाज की संयुक्त जिम्मेदारी पर जोर देते हुए दिव्यांगजनों के लिए संवेदनशील एवं अनुकूल वातावरण बनाने का आह्वान किया गया।







महिला कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन - सीतापुर, उत्तर प्रदेश

सेवा भारती अवध प्रान्त द्वारा 25–26 अक्टूबर 2026 को आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सीतापुर में दो दिवसीय महिला कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य महिला कार्यकर्ताओं के संगठनात्मक कौशल एवं सामाजिक सहभागिता को सुदृढ़ करना और सेवा कार्यों को अधिक प्रभावी बनाना रहा। वर्ग में नारी विमर्श, वैभवश्री, संस्कार वर्ग, किशोरी विकास, सुपोषण, नवासी प्रकल्प एवं जिज्ञासा समाधान जैसे विषयों पर मंथन हुआ। इस अवसर पर सेवा गतिविधियों को तकनीक से जोड़ने की दिशा में 'शक्ति साथी' ऐप का शुभारंभ भी किया गया। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र सेवा प्रमुख माननीय युद्धवीर जी तथा मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य माननीय डॉ. ऋचा राजपूत जी ने अपने विचार रखे। 'शक्ति साथी' ऐप का शुभारंभ माननीय युद्धवीर एवं राष्ट्रीय सेवा भारती की अखिल भारतीय महामंत्री माननीय रेणु पाठक जी के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर सेवा भारती अवध प्रान्त के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



श्री राम जानकी सर्वजातीय विवाह सम्मेलन

विजयदशमी के शुभ एवं पावन अवसर पर सेवा भारती ब्यावर एवं रामचंद्र मिश्रीलाल चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में श्री राम जानकी सर्वजातीय विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया । इस अवसर पर 10 जोड़ों ने हिंदू रीति -रिवाजों एवं वैदिक परंपराओं के अनुसार विवाह बंधन में बंधकर अपने नवजीवन का शुभारंभ किया। यह आयोजन सामाजिक समरसता, सेवा एवं सहयोग की भावना को साकार करने वाला प्रेरणादायी प्रयास रहा। सर्वजातीय विवाह सम्मलेन के माध्यम से सामाजिक एकता को प्रोत्साहन देने के साथ हे नवदंपतियो के सुखद एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की गई|

विभिन्न प्रान्तों में कन्या पूजन



प्रान्त: महाकोशल



प्रान्त : मध्य भारत



प्रान्त: ब्रज



प्रान्त: जोधपुर



प्रान्त: अवध



प्रान्त: झारखण्ड

राष्ट्रीय सेवा भारती के सोशल मीडिया से जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें

राष्ट्रीय सेवा भारती
वेबसाइट :www.rashtriyasewabharati.org
ईमेल : office@rashtriyasewabharati.org
फोन न. : 011-46523618
मोबाइल न.: 09868245005